RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 225 | नागौर, 20 जुलाई, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## राहत : देश में धीमी पड़ी कोरोना की रफ्तार

### बीते 24 घंटे में मिले 15,528 नए केस

नई दिल्ली।

देश में कोरोना की रफ्तार अब धीमी पड़ने लगी है। पिछले कुछ दिनों के मुकाबले देश में आज कोरोना वायरस के 15 हजार केस मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 15,528 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही 16,113 लोग डिस्चार्ज हुए और कोरोना से 25 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा देश में देश में सक्रिय मामले 1,43,654 हो गए हैं।

बता दें कि देश में एक दिन पहले देश में कोविड-19 के 16,935 नए मामले सामने आए थे। जबकि 16,069 लोग डिस्चार्ज हुए और कोरोना से 51 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा 17 जुलाई को देश में कोरोना के 20,528 नए मामले सामने आए थे। इस दौरान 49 लोगों की जान गई थी। जबकि आज देश में कोविड-19 के 15,528 नए मामले सामने आए हैं।

## नदी पार करते हुए चार भाई बहे, दो ने तैरकर बचाई जान

प्रतापगढ़.

प्रतापगढ़ में एराव नदी को पार करते समय देर रात 11 बजे चार भाई बह गए। बारिश के कारण नदी का बहाव तेज था। इनमें से दो का रेस्क्यू किया जा रहा है। वहीं, दो युवकों ने तैरकर जान बचाई। घटना पीपलखूंट उपखंड में घंटाली थाना क्षेत्र के बावड़ी के पास की है। सुबह 7 बजे से एसडीआरएफ की टीम नदी में उतरकर दोनों युवकों की तलाश कर रही है। मौके पर ग्रामीण की भीड़ जमा है। 16 घंटे बाद लापता युवकों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि आम दिनों में लोग एराव नदी से ही आते-जाते थे। लेकिन सोमवार शाम 8 बजे से लगातार बारिश हो रही थी। जिस कारण नदी में पानी का बहाव तेज हो गया था। चारों युवक दूसरे रास्ते से जाने के बजाय नदी में उतरकर घर जल्दी पहुंचना चाह रहे थे।

### सगे भाइयों में एक बह गया

घंटाली थाना अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि चारों युवक जेता पुत्र डेलिया (23), राजेंद्र पुत्र मानसिंह (22), विजय पुत्र मानसिंह (25) और सुखलाल पुत्र थावरा (21) घर लौट रहे थे। पानी का बहाव तेज होने से नदी में चारों युवक बह गए। विजय और सुखलाल तैरकर बाहर निकल गए। वहीं, जेता व राजेंद्र लापता है। विजय और राजेंद्र आपस में दो सगे भाई थे, सुखलाल और जेता दोनों चचेरे भाई थे। सूचना पर रात में घंटाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

# बॉर्डर पार कर नूपुर शर्मा की हत्या करने आया रिजवान

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान से आया घुसपैठिया निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा को पैगंबर मोहम्मद पर उनकी टिप्पणियों को लेकर मारने की योजना बना रहा था। 16 जुलाई को वो राजस्थान के अजमेर जा रहा था। जब उसे राजस्थान के श्री गंगा नगर जिले में भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ के जवानों ने रोक लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उसने दावा किया कि उसे नुपुर शर्मा को मारने के लिए भेजा गया था।

पाकिस्तानी नागरिक की पहचान रिजवान अशरफ के रूप में हुई है। उसके पास से लंबे चाकू और धार्मिक ग्रंथ बरामद किए गए हैं। खुफिया ब्यूरो (आईबी) और अन्य खुफिया एजेंसियों की एक संयुक्त टीम गिरफ्तार पाकिस्तानी घुसपैठिए से पूछताछ कर रही है। उसे 24 जुलाई तक के लिए हिरासत में भेज दिया गया है।

### पीएफआई के निशाने पर नूपुर शर्मा

इस बीच पटना आतंकी मॉड्यूल मामले की चल रही जांच में एक नया खुलासा हुआ है कि निलंबित बीजेपी नेता नुपुर शर्मा राजनीतिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के निशाने पर हो सकती हैं। पटना पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी के



हवाले से इंडिया टुडे ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि पटना टेरर मॉड्यूल केस में गिरफ्तार अतहर परवेज के मोबाइल फोन से नूपुर शर्मा के दिल्ली स्थित आवास का पता मिला है।

बता दें कि आज उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निलंबित भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा को पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी को लेकर कई राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों/शिकायतों के संबंध में दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला की पीठ ने अपने एक जुलाई के आदेश के बाद शर्मा को कथित रूप से जान से मारने की धमकी मिलने का संज्ञान लेते हुए उन्हें भविष्य में दर्ज हो सकने वाली प्राथमिकियों/शिकायतों में भी दंडात्मक कार्रवाई से राहत दे दी।

# नूपुर शर्मा को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

नई दिल्ली

पैगंबर मोहम्मद विवाद में भाजपा की निलंबित नेता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। नूपुर शर्मा की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने 10 अगस्त तक नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है और कहा है कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई ना हो। इस मामले में अब 10 अगस्त को फिर से सुनवाई होगी। कहीं ना कहीं नूपुर शर्मा को विवाद के लगभग 2 महीने के बाद एक अंतरिम राहत मिली है। नूपुर शर्मा की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि उनकी जान को गंभीर खतरा है।

सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा की याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। नुपुर शर्मा की याचिका



पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने साफ कहा कि वह कभी यह नहीं चाहता था कि नुपुर शर्मा राहत के लिए हर अदालत का रुख करें। इससे पहले शर्मा ने अपनी वापस ली गई याचिका को फिर से शुरू करने, गिरफ्तारी से सुरक्षा और अपनी टिप्पणी को लेकर कई राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का आग्रह किया था।

## हरियाणा के नूह में खनन माफियाओं ने डीएसपी को डंपर से कुचला, मौत

नई दिल्ली

हरियाणा के नूह जिले से खनन माफियाओं का दुस्साहस सामने आया है, जहां अवैध खनन मफियाओं ने डीएसपी सुरेंद्र सिंह विश्नोई के ऊपर डंपर चढ़ा दिया है। इसके कारण डीएसपी की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ष्ठस्क्क सुरेंद्र सिंह विश्नोई तावडू में तैनात थे। वह अवैध खनन की सुचना मिलने के बाद छाप मारने गए थे। इस कार्रवाई के दौरान जब वह अवैध पत्थर से भरे ट्रक को रोकने की कोशिश की तो डंपर के ड्राइवर ने उनको डंपर से कुचल दिया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए। पुलिस के द्वारा इन आरोपियों को पकड़ने के लिए ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है। वहीं इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईजी और नूहं के एसपी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई

## लश्कर के 3 आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश; 7 टेररिस्ट अरेस्ट

जम्मू.

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो सीमा पार से ऑपरेट हो रहे थे। इस मामले में पुलिस ने सात आतंकियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू संभाग के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मुकेश सिंह ने यह जानकारी दी है।

### राजौरी से दो और जम्मू से एक मॉड्यूल का भंडाफोड़

एडीजीपी ने बताया कि राजौरी से दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। इसके तहत लश्कर के पांच आतंकी गिरफ्तार किए गए, जबकि जम्मू संभाग से एक मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ है, यहां से दो आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तारी के दौरान आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल, 6 पिस्तौल, 3 साइलेंसर, 8 ग्रेनेड, 3 यूबीजीआई, पिस्तौल



की 6 मैगजीन, एके राइफल की 6 मैगजीन, 120 कारतूस सहित बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि जम्मू में लश्कर का यह मॉड्यूल खटीका तालाब इलाके में दो साल से सक्रिय था। इसका संचालन फैसल मुनीर कर रहा था। मुनीर को लश्कर आतंकी बशीर डोडा निर्देश देता था, जो फिलहाल पाकिस्तान में है, जबकि दूसरे आतंकी का कोड नाम अलबर्ट था। पुलिस ने बताया कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए गिराए जा रहे हथियारों और विस्फोटकों को एकत्रित करता था।

## संसद का मानसून सत्र का दूसरा दिन

# महंगाई पर विपक्ष का जबरदस्त हंगामा


नई दिल्ली.

संसद में मानसून सत्र का आज दूसरा दिन है। सत्र के दूसरे दिन लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने महंगाई के खिलाफ नारेबाजी शुरू की। जिसके बाद सदन को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नए नियम के अनुसार सदन के अंदर पोस्टर लाने की अनुमति नहीं है।

इससे पहले कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास नारेबाजी की। प्रदर्शन में राहुल गांधी भी मौजूद थें। विपक्ष महंगाई, डेयरी और फूड प्रोडक्ट पर जीएसटी लगाए जाने और अग्निपथ स्कीम को वापस लेने को लेकर हंगामा कर सकता है।

### राज्यसभा भी एक दिन के लिए स्थगित

दूसरी तरफ राज्यसभा में भी हंगामा होने के बाद कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस के कुछ नेताओं और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के तिरूची शिवा तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एलामारम करीम ने महंगाई, पेट्रोलियम प्रोडक्ट के दामों में बढ़ोतरी और हाल ही में दूध और दही सहित कई फूड प्रोडक्ट पर जीएसटी लगाए जाने के मुद्दे पर चर्चा के लिए कार्यस्थगन




प्रस्ताव के नोटिस दिए हैं। एक दिन पहले यानी 18 जुलाई को मानसूत्र सत्र शुरू हुआ है। सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के लिए सभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बाद में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्ष के हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा था। बता दें यह सत्र 12 अगस्त तक चलेगा।

**18 बैठकें, पेश हो सकते हैं 32 बिल**-12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में संसद की 18 बैठकें होंगी। सत्र में सरकार की ओर से 32 बिल पेश किए जा सकते हैं। इनमें से 24 नए हैं। 35 लंबित हैं। आठ बिल फिर से विचार के लिए पेश किए जाने हैं। 14 बिल तैयार हैं। चार बिल ऐसे हैं, जो विचार के लिए स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजे गए थे। उनकी रिपोर्ट भी आ चुकी है। इन बिलों में मेंटिनेंस एंड वेल्फेयर ऑफ पैरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस बिल भी शामिल हैं।

## पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडेय गिरफ्तार

नई दिल्ली।

फौन टैपिंग मामले में ईडी ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। उनपर आरोप हैं कि उन्होंने एनएसई के कर्मचारियों के अवैध रूप से फोन रेकॉर्ड किए थे। पांडेय 30 जून को रिटायर हुए हैं। उनपर आरोप है कि 2009 से 2017 के बीच उन्होंने गैरकानूनी तरीके से एनएसई के कर्मचारियों के फोन रेकॉर्ड किए। इसके लिए iSEC Services Pvt Ltd नाम की कंपनी ने उन्हें 4.45 करोड़ रुपये दिए। तीन लोगों से पूछताछ के आधार पर केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली कोर्ट में सोमवार को दावा किया था कि 1997 से ही एनएसई के कर्मचारियों की फोन टैपिंग हो रही थी और इससे जुड़े सबूत और दस्तावेज भी बरामद किए जा चुके हैं। इससे पहले सीबीआई ने पांडेय और दूसरे पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह से 100 करोड़ की वसूली मामले में भी पूछताछ की थी। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख इस मामले में आरोपी हैं। एनएसई में वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर छानबीन करते वक्त ईडी को सेक्रेट फोन सर्विलांस मिले थे।







## अग्निपथ योजना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, सभी याचिकाओं को दिल्ली हाईकोर्ट किया ट्रांसफर

नई दिल्ली

अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न याचिकाओं के आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बड़ा फैसला लेते हुए सभी याचिकाओं को दिल्ली हाई कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं को दिल्ली हाई कोर्ट में स्थानांतरित किया है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को इन मामलों को दिल्ली हाईकोर्ट को ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की एक पीठ ने केरल, पंजाब एवं हरियाणा, पटना और उत्तराखंड उच्च न्यायालय में भी इस योजना के खिलाफ दायर की गई सभी जनहित याचिकाओं को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने या उस समय तक इन पर फैसला निलंबित रखने को कहा जब तक दिल्ली उच्च न्यायालय इसपर निर्णय नहीं कर लेता।

पीठ ने कहा कि इन चार उच्च न्यायालयों के समक्ष याचिकाएं दायर करने वाले याचिकाकर्ता दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही में पक्षकार बनने का विकल्प चुन सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह इसलिए याचिकाएं स्थानांतरित कर रहा है, क्योंकि यह उचित होगा यदि उसे इस संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय की राय का लाभ मिल पाए।

## सम्पादकीय



# चीन को दो टूक

पूर्वी लद्दाख में विवादित क्षेत्रों से चीनी सैनिकों को हटाने को लेकर भारत ने इस बार भी कड़ा रुख दिखाया। यही होना भी चाहिए। सोलहवें दौर की कमांडर स्तर की वार्ता में भारत ने एक बार फिर चीन से साफ-साफ कह दिया कि पहले वह पूर्वी लद्दाख में विवादित स्थलों से अपने सैनिकों को हटाए और अप्रैल 2020 वाली स्थिति को बहाल करे। इस मसले को लेकर दोनों देशों के बीच छब्बीस महीने से गतिरोध बना हुआ है। भारत पहले भी कहता रहा है कि यह गतिरोध तभी दूर होगा जब चीन एतराज वाले बिंदुओं से अपने सैनिकों को हटा लेगा। लेकिन अभी तक चीन ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे लगे कि वह समस्या हल करने की दिशा में बढ़ना चाहता है। बल्कि अब तक पंद्रह दौर की वार्ताओं के दौरान उसका जो रवैया देखने को मिलता रहा, उससे लगता नहीं कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े ताजा विवाद जल्द निपटेंगे। चीन जिस रणनीति पर चल रहा है, वह दो पड़ोसियों के बीच अच्छे रिश्ते बनाने वाली तो नहीं कही जा सकती। इसलिए जब भी चीन के साथ वार्ता का मौका आया है, यह आशंका भी साथ ही पैदा होने लगती है कि कहीं इस दौर की वार्ता का हश्र भी पहले जैसी वार्ताओं जैसा न हो।

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच यह गतिरोध पैंगोंग झील इलाके में अप्रैल 2020 में शुरू हुआ था। तब चीनी सैनिकों की हलचल अचानक बढ़ गई थी। उसी साल जून में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया। इस हमले में चौबीस भारतीय जवान शहीद हो गए थे। हालांकि भारतीय जवानों ने भी इस हमले का कड़ा जवाब दिया था। पर इसके बाद उस इलाके में जो तनाव पैदा हुआ, वह स्थायी समस्या बन चुका है। अब तो इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि चीन की मंशा भी यही थी।

इसी दौरान चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास कई जगहों पर सैनिक जमा कर लिए। हालांकि भारतीय सेना ने भी मजबूत मोर्चा बना लिया है, पर अब विवाद के जो नए ठिकाने बन गए हैं, उनसे चीन को हटा पाना आसान नहीं लग रहा। इसलिए सोलहवें दौर की वार्ता में भी भारत का जोर इसी पर रहा कि चीन पहले देमचोक और देपसांग से अपने सैनिक हटाए। सवाल है कि चीन क्यों नहीं इन जगहों से अपने सैनिकों की वापसी के लिए तैयार हो रहा?

इस महीने के आखिर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक होने वाली है। इसके बाद एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की बैठक भी प्रस्तावित है। इसी महीने की सात तारीख को इंडोनेशिया के बाली द्वीप में भी भारत और चीन के विदेश मंत्री मिले थे और सीमा विवाद पर चर्चा की थी। इस लिहाज से सोलहवें की दौर वार्ता और उसमें भारत का रुख चीन के लिए एक संदेश है। हालांकि चीन से ऐसी उम्मीदें अक्सर निराश करने वाली ही रही हैं। वास्तविक नियंत्रण पर रेखा पर उसकी उकसाने वाली गतिविधियां चल ही रही हैं। यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि पैंगोंग इलाके से भी उसने अगर सैनिक हटाए तो इसके पीछे भावना विवाद खत्म करने की नहीं रही, बल्कि ऐसा उसने वैश्विक दबाव खासतौर से अमेरिका के सख्त रुख को देखते हुए किया था। अगर चीन वाकई भारत को अपना अच्छा पड़ोसी मानता है और सीमा विवादों को हल करना चाहता है तो उसे पहले विवादित जगहों से अपने सैनिक हटा कर सकारात्मक रुख का परिचय देना होगा।

# श्रीलंका की बदहाली में पूरी दुनिया के लिए छिपे हैं सबक

**2019 में राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद गोटाबाया ने महिंदा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। महिंदा ने भी अपने दो बेटों, दो भाइयों और एक अन्य भाई के बेटे को सरकार में जगह दी। इस परिवार का यकायक हुआ अवसान इसलिए भी चौंकाने वाला है, क्योंकि राजपक्षे बंधुओं ने अपनी पहचान नस्लीय राष्ट्रवादी के रूप में बनाई थी। वे खुद को बहुसंख्यक सिंहली समुदाय के हितों का संरक्षक बताते थे। उन्होंने श्रीलंका में 26 साल से जारी गृहयुद्ध का निर्णायक, किंतु क्रूरतापूर्वक दमन किया। तब महिंदा राष्ट्रपति और गोटाबाया रक्षा मंत्री थे। उस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध अपराधों को लेकर आलोचना के बावजूद दोनों सिंहलियों के नायक बनकर उभरे। महिंदा ने ही लिट्टे के खिलाफ अंतिम आक्रामक अभियान छेड़ा था। इस मुहिम में उन्हें गोटाबाया का पूरा समर्थन मिला। गोटाबाया इससे पहले कैलिफोर्निया में रह रहे थे, जहां उन पर कथित युद्ध अपराधों को लेकर मामले चले। उन्होंने श्रीलंका में उस गृहयुद्ध को तो समाप्त करा दिया, जिसके चलते हजारों लोग काल-कवलित हुए, लेकिन उसके दुष्प्रभाव भी हुए।**



**श्रीलंका** की दुर्गति में उसके शासक ही मुख्य किरदार हैं। राजपक्षे परिवार के चार भाइयों और उनके बेटों ने शासन की पूरी कमान अपने हाथ में ले रखी थी। वे किसी पारिवारिक कारोबार की तरह सरकार चला रहे थे। खुद ही बड़ी-बड़ी परियोजनाओं से जुड़े रहे। इन अव्यावहारिक परियोजनाओं के लिए बेतहाशा कर्ज लिया। इसका नतीजा आर्थिक पतन के रूप में निकला। दो दशक तक राजनीतिक परिदृश्य पर वर्चस्व बनाए रखने वाले परिवार का रातोंरात बोरिया-बिस्तर बंध गया। ईंधन, खाद्य वस्तुओं, दवाओं और बिजली की किल्लत से श्रीलंकाई जनता इतनी आक्रोशित हो गई कि उसके अप्रत्याशित विरोध-प्रदर्शन ने राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागने पर विवश कर दिया। गत सप्ताह प्रदर्शनकारियों का राष्ट्रपति पैलेस पर कब्जा जनता की उस शक्ति का प्रतीक है, जिसने उस खानदान को खदेड़ दिया, जिसकी तानाशाही, भाई-भतीजावाद, विकृत पूंजीवाद और अक्खड़पन ने श्रीलंका को अंतहीन आर्थिक दुष्चक्र में फंसाकर घुटनों के बल ला दिया।

राजपक्षे परिवार राष्ट्रपति की शक्तियां निरंतर रूप से बढ़ाता रहा। इसके लिए 2020 में संविधान संशोधन तक किया गया। उन्होंने नागरिक स्वतंत्रता का दमन किया। चीन से दोस्ती गांठ भरपूर लाभ उठाया। इतना कि अपने देश को ही कर्ज के जाल में फंसा दिया। राजपक्षे परिवार की सत्ता का नाटकीय पतन दुनिया भर में उन राजनीतिक वंशवादियों के लिए चेतावनी है, जिनकी अपने देशों में सरकार या पार्टी पर वर्चस्व है, लेकिन जवाबदेही और सुशासन से कोई सरोकार नहीं। एशिया से लेकर लैटिन अमेरिका में ऐसे तमाम परिवारों की भरमार है, जिन्होंने सरकारों को पारिवारिक मामला और राजनीतिक दलों को पारिवारिक जागीर बना दिया।

राजपक्षे परिवार की बात करें तो महिंदा राजपक्षे उसके राजनीतिक साम्राज्य के सूत्रधार रहे। एक दशक तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे और इस दौरान बहुत सख्ती से पेश आए। महिंदा 2015 का चुनाव मामूली अंतर से हार गए और परिवार को कुछ समय के लिए सत्ता से बेदखल होना पड़ा। इसी दौरान नई सरकार में संसद ने राष्ट्रपति के कार्यकाल को सीमित कर दिया। इसके चलते परिवार को महिंदा के छोटे भाई और उनकी सरकार में रक्षा मंत्री रहे गोटाबाया को राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाना पड़ा। इस उम्मीदवारी की पात्रता प्राप्त करने के लिए गोटाबाया ने अपनी अमेरिकी नागरिकता भी छोड़ दी। हिंदू बहुसंख्यक तमिल समुदाय खुद को हाशिये पर महसूस करने लगा तो सिंहली और मुस्लिम समुदाय के बीच विभाजन की खाई और चौड़ी हो गई, जिनकी श्रीलंका की आबादी में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इससे उपजे संघर्ष में वहां इस्लामिक आतंकवाद के बीज पड़ गए। इसका असर 2019 में ईस्टर पर हुए एक हमले में दिखा, जिसमें 277 लोग मारे गए। इसे दुनिया के दुर्दांत आतंकी हमलों में से एक गिना जाता है। उस आतंकी वारदात ने राजपक्षे परिवार को एक बार फिर सिंहली राष्ट्रवाद को भुनाने का अवसर प्रदान कर दिया। स्पष्ट है कि यह परिवार नस्लीय और धार्मिक विभाजक रेखाओं का लाभ उठाकर ही अपने राजनीतिक वर्चस्व की इबारत लिख रहा था। चीन ऐसे ही मोहरों की तलाश में रहता है। वह ऐसे ताकतवर नेताओं या परिवारों के साथ बढ़िया सौदेबाजी कर उस देश की कमजोरियों का लाभ अपने फायदे के लिए उठाता है। यहां तो उसके समक्ष दुनिया के सबसे व्यस्त सामुद्रिक मार्ग के करीब अपनी रणनीतिक पकड़ को गहरा बनाने का अवसर था। चीन ने राजपक्षे की कमजोरियों और महत्वाकांक्षाओं का इसी मकसद के लिए लाभ उठाया। चीन युद्ध अपराध के आरोप का सामना कर रहे राजपक्षे की संयुक्त राष्ट्र में ढाल बन गया। इस तरह चीन को श्रीलंका की अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का जिम्मा मिला और वह उसका प्रमुख कर्जदाता बना। इसी कर्ज के सहारे राजपक्षे परिवार अपनी राजनीतिक विरासत के प्रतीक रूप में गृह जनपद हंबनटोटा को चमकाने लगा। इसके तहत वहां एयरपोर्ट बनाया गया, जो वीरान ही पड़ा रहा। क्रिकेट स्टेडियम बनाया, जिसमें वहां की आबादी से अधिक सीटें थीं। 140 करोड़ डालर की लागत से बंदरगाह बनाया, जो चीन को 99 साल के लिए लीज पर देने से पहले बेकार ही पड़ा रहा। चीनी कर्ज से बनी सबसे महंगी 13 अरब डालर की पोर्ट सिटी परियोजना है, जो कोलंबो के निकट है। राजपक्षे परिवार कर्ज संकट का अनुमान लगाने में गच्चा खा गया। उसने ऐसा कर्ज लिया, जिसकी शर्तों को सार्वजनिक तक नहीं किया। कोविड महामारी से ठीक पहले करों में कटौती से देश का राजस्व एक तिहाई तक घट गया। महामारी से श्रीलंका की आमदनी के दो प्रमुख स्रोतों पर्यटन और वस्त्र निर्यात की कमर टूट गई। यूक्रेन पर रूस के हमले से ऊर्जा संसाधनों की चढ़ी कीमतें श्रीलंका की तबाही के ताबूत में आखिरी कील साबित हुई। जब मदद की बारी आई तो मुश्किल में फंसाने वाले चीन ने मुंह फेर लिया। इस मुसीबत में भारत ही श्रीलंका के काम आया, जिसने उसे चार अरब डालर से अधिक की सहायता पहुंचाई है। श्रीलंका की बदहाली और राजपक्षे परिवार के राजनीतिक पराभव में पूरी दुनिया के लिए दो सबक छिपे हैं। पहला यही कि कोई परिवार कितना ही ताकतवर क्यों न हो, जब पतन की बारी आती है तो बचना मुश्किल हो जाता है। दूसरा यह कि भारी कर्ज से लदे देश अपनी राजकोषीय नीतियों के मामले में सावधानी बरतें, अन्यथा आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत महंगाई को नियंत्रण से बाहर कर सकती है।

## व्यापार समाचार

## महंगे हो सकते हैं दाल-चावल : धान के रकबे में बीते साल के मुकाबले 31% तक की कमी

नई दिल्ली।

चावल और दालों के भाव में तेजी के आसार हैं। बीते साल के मुकाबले कम खेती इसकी सबसे बड़ी वजह होगी। जुलाई के पहले पखवाड़े तक सिर्फ धान और अरहर का रकबा घटा है, जबकि अन्य सभी फसलों की बुआई बढ़ी है। इसके अलावा यूक्रेन संकट के चलते ज्यादातर कृषि जिंसों में उछाल के बाद गिरावट के बीच सिर्फ चावल और दालों में स्थिरता देखी गई है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 15 जुलाई तक धान के रकबे में 17.4% गिरावट आई है। उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में अब तक धान के रकबे में बीते साल के मुकाबले 31% तक की कमी देखी गई है। चावल के अलावा दालों का रुझान भी पलट सकता है। इस माह से इसमें तेजी शुरू भी हो गई है। ऑल टाइम हाई से



52% गिरावट देखने वाले अरहर में 2022 के ऊंचे स्तर से अब तक 6.5% तेजी आ चुकी है। खरीफ में सबसे ज्यादा बोई जाने वाली दलहन अरहर का रकबा अब तक 26% कम रहा है। 2021-22 के रबी सीजन में चावल की सरकारी खरीद करीब 44 लाख टन हुई। इसके मुकाबले 2020-21 के रबी में 66 लाख टन और 2019-20 में 80 लाख टन चावल की खरीद हुई थी।

## डीएलएफ का अगले चार-पांच वर्षों में खुदरा मौजूदगी दोगुनी करने का लक्ष्य : चेयरमैन राजीव सिंह

नई दिल्ली।

रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने खुदरा खपत में तेज सुधार से उत्साहित होकर नए शॉपिंग मॉल के विकास की दिशा में शुरू किया है और इसकी अगले पांच वर्षों में खुदरा पोर्टफोलियो को दोगुना करने की योजना है।

कंपनी के चेयरमैन राजीव सिंह ने शेयरधारकों को दिए गए एक संदेश में इस योजना का जिक्र किया है। वर्तमान




में डीएलएफ के पास 42 लाख वर्ग फुट का खुदरा कारोबार है, जिसमें आठ मॉल और शॉपिंग सेंटर शामिल हैं। यह मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर में स्थित हैं। सिंह ने कहा कि कंपनी आवास और कार्यालय परियोजनाओं के विकास को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा, कंपनी वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सभी प्रमुख मापदंडों में एक बेहतर प्रदर्शन देते हुए मजबूती के साथ उभरी है। उन्होंने कहा, हम किराये के कारोबार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण जारी रखे हुए हैं।









## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको सावधानीपूर्वक दिन व्यतीत करना चाहिए। सर्दी- बुखार होने से आपकी तबीयत खराब होने की आशंका है। किसी का भला करने में आपका स्वयं का नुकसान कर सकते हैं, अतः सावधान रहें।

### वृषभ

भाग्य इस समय आपके साथ है। आपके परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। आपके व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी और आपकी आय भी बढ़ेगी। किसी अच्छी जगह पर यात्रा कर सकते हैं।

### मिथुन

आपका तन-मन स्वस्थ और आनंद में रहेगा। ऑफिस में लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। अधिकारी भी आपके काम की सराहना करेंगे। प्रोत्साहन देंगे। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

### कर्क

आज आप धार्मिक काम में व्यस्त रहने वाले हैं। कहीं धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। तन-मन से आप खुश रहेंगे। आपकी किस्मत चमकने की पूरी संभावना है। दोस्तों के साथ भी अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे।

### सिंह

आज का दिन थोड़ा परेशानी से भरा है। आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। खान-पान में ध्यान नहीं रखने से बीमारी के पीछे खर्च होगा। मन में नेगेटिविटी को न आने दें। पारिवारिक सदस्यों के साथ संभलकर रहना पड़ेगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। प्रिय व्यक्ति के साथ आपकी निकटता आपको आनंदित करेगी। अपने वैवाहिक जीवन में अधिक आत्मीयता का अनुभव करेंगे। आप प्रिय पात्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

### तुला

समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। भागीदारों के साथ बातचीत में भी वृद्धि होगी। आप अत्यंत सुंदर पोशाक, आभूषण और भोजन का आनंद ले सकेंगे। नए वाहन खरीदने की योजना बनेगी।

### वृश्चिक

आपके घर में सुख- शांति बनी रहेगी। अच्छे अवसर आएंगे। काम में सफलता और प्रतिष्ठा दोनों प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी जरूरी जगह पर खर्च की संभावना है। नौकरी में आपकी प्रगति होगी।

### धनु

आपका स्वास्थ्य थोड़ा नाजुक रहेगा। संतान की तकलीफ चिंता का कारण बन सकती है। किसी काम के पूरा नहीं होने से अपयश मिल सकता है। आपको शेयर-सट्टे के काम में आज नहीं पड़ना चाहिए। संभव हो तो यात्रा- प्रवास टालें।

### मकर

आपको शारीरिक और मानसिक सुस्ती का अनुभव होगा। मानसिक भय भी रहेगा। घर का वातावरण काफी गंभीर रहेगा। नींद पूरी नहीं होने और समय पर भोजन नहीं मिलने से आपका स्वभाव चिड़चिड़ा हो सकता है।

### कुंभ

दैनिक काम में परिस्थिति आपके अनूकूल होने से आप स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन की समस्या हल होगी। जायदाद और संपत्ति से सर्म्बधित विवाद हल होंगे। आपको व्यापार में वित्तीय लाभ हो सकता हैं।

### मीन

यदि आप वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत-सी परेशानियों से बच सकेंगे। किसी विवाद में आज ना पड़ें। कोई अनावश्यक खर्च आपको परेशान कर सकता है। आपको किसी भी काम में मनोनुकूल सफलता नहीं मिलेगी।

# केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया है : अभिषेक चौधरी



मेड़ता क्षेत्र भर के एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर अग्निपथ योजना के विरोध में सैनिक सत्याग्रह पैदल मार्च किया

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड़ एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में नागौर में जिला मुख्यालय पर अग्निपथ योजना के विरोध सैनिक सत्याग्रह पैदल मार्च में मेड़ता क्षेत्र भर के एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आशीष वाल्मीकि मेड़ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पैदल मार्च पशु प्रदर्शनी से जिला मुख्यालय तक देश भक्ति के नारों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। इस दौरान जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया को विभिन्न सुत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की इस योजना ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया है। देश की रक्षा के लिए अग्रणी सेना में ठेका पद्धति से भर्ती नहीं होनी चाहिए। और कहा कि जब तक कृषि कानूनों की तरह अग्नीपथ योजना भी वापस नहीं ली जाती है तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर सत्याग्रह में बड़ी संख्या में छात्र शक्ति के साथ मेड़ता शहर के युवा आशीष वाल्मीकि, सराज देशवाली बासनी, राशिद कायमखानी, ओमप्रकाश सागर, लखन पारासर, एडवोकेट अशरफ खान, अभिषेक वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में छात्र संघ के युवा और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बजट अभाव में फिर अटका अल्पसंख्यक हॉस्टल का निर्माण

## पिछले डेढ़ महीनों से बंद पड़ा निर्माण कार्य, जबकि 31 जुलाई को पूर्ण होना था निर्माण

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ में अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास का इसी माह के अंत में निर्माण कार्य पूर्ण होकर शुरू होने की आस अब टूटने लगी है। निर्माणाधीन हॉस्टल एक बार फिर से बजट अभाव के चलते अधरझूल में चला गया है जबकि 31 जुलाई 2022 को इस हॉस्टल का निर्माण कार्य पूर्ण होना था मगर धरातल पर अब तक एक चौथाई निर्माण भी नहीं हो पाया है।

**शिलान्यास के बाद दो बार बंद हो चुका निर्माण कार्य :** अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास की 15 जनवरी 2022 को स्थानीय विधायक मुकेश भाकर के हाथों व भूमि दानदाता लियाकत अली खान की मौजूदगी में शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ इसके बाद से निर्माण कार्य कुछ खास आगे नहीं बढ़ पाया। जिसका स्थानीय लोगों व मीडिया में विरोध हुआ तो 20 फरवरी को इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया। फिर भी पुन: दो महीने बाद ही विभाग के पास बजट अभाव का बोलकर जून में इसका निर्माण एक बार फिर से बंद कर दिया गया है जो पिछले डेढ़ महीनों से अब तक बंद ही पड़ा है। अब स्थानीय लोग इसे राजनीति की भेंट चढना बता रहे हैं तो कोई इसे अल्पसंख्यक समाज की अनदेखी बता रहा है।



**31 जुलाई को पूर्ण होना था हॉस्टल निर्माण :** लाडनूँ विधायक के प्रयासों से बजट सत्र 2020-21 में लाडनूँ में अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास के लिए 2 करोड़ 40 लाख रूपये स्वीकृत किये गए व इसके निर्माण का जिम्मा सार्वजनिक निर्माण विभाग को सौंपा गया। पीडब्ल्यूडी ने फर्म मनीषा कंस्ट्रक्शन जयपुर को निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए। लेकिन अब बजट अभाव का बोलकर निर्माण को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। भवन निर्माण स्थल पर लगाए गए बोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 01 अक्टूबर 2021 अंकित है वहीं इस कार्य की समाप्ति तिथि 31 जुलाई 2022 की है। इसके अनुसार अब मात्र 10 दिनों का समय ही शेष रहा है मगर धरातल पर निर्माण का एक चौथाई कार्य भी अभी तक पूरा नहीं हुआ। जिससे अल्पसंख्यक समाज के लोगों में इस कार्य के शुरू नहीं होने रोष व्याप्त है।

### इनका कहना है

'मौके पर कुछ निर्माण हो गया है लेकिन विभाग में बजट का अभाव होने से कंस्ट्रक्शन फर्म को पेमेंट नहीं हो पाई जिसके चलते ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोक रखा है। अब शीघ्र ही निर्माण को पुन: शुरू करने का प्रयास रहेगा।'

**जितेन्द्र जांगिड़, सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग लाडनूं।**

'मौके पर करीब 50 लाख का निर्माण करवा दिया। लेकिन विभाग द्वारा अभी तक एक रुपये का भी भुगतान नहीं हो पाया जिसके चलते निर्माण रुका हुआ है अब भुगतान होने पर ही कार्य शुरू किया जाएगा।'

**भगवान सहाय (ठेकेदार, मनीषा कंस्ट्रक्शन)**

# फेसबुक पर धमकी देने वाला गिरफ्तार

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा नागौर के निर्देशन में डेगाना डिप्टी नंदलाल सैनी व डेगाना सीआई नरेंद्र कुमार जाखड़ के निर्देशन में गठित टीम ने फेसबुक पर जान से मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल करने के प्रकरण को लेकर डेगाना पुलिस ने श्रीकांत उर्फ राहुल पुत्र कालूराम उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया। मिली सूचना के अनुसार श्रीकांत ने फेसबुक पर लंगोड़ निवासी उमेद राम पुत्र चेनाराम को जान से मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल किया इसको लेकर प्रार्थी ने पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया इसके बाद पुलिस ने अनुसंधान के तहत श्रीकांत उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया।

# एसडीएम जाट ने ली अधिकारियों की क्लास

## नये बस स्टेण्ड पर साफ-सफाई को लेकर जताई नाराजगी

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कुचामनसिटी पर उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। 15 जुलाई से आयोजित हुए प्रशासन शहरों के संग अभियान के संबंध में सहायक अभियंता नगर परिषद् कुचामनसिटी को निर्देशित किया गया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविरों में पात्र लोगों को अधिकाधिक पट्टे जारी किये जाने है। इसलिए वार्डवार परिवारों का सर्वे कर सर्वे रिपोर्ट अविलम्ब उपखण्ड कार्यालय में उपलब्ध करावें। सहायक अभियंता नगर परिषद् कुचामन सिटी को निर्देशित किया गया कि नये बस स्टेण्ड पर साफ-सफाई का अभाव है, इसलिए नये बस स्टेण्ड पर नियमित साफ-सफाई करवाई जावे। जिला कलक्टर महोदय नागौर के निर्देशानुसार कच्ची बस्तियों व कच्चे घरों में रहने वाले के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रकाश एक अभियान का आगाज किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले परिवादों को समय पर निस्तारित करावें। अधिकारी स्वयं सम्पर्क पोर्टल की मॉनिटरिंग करें। बैठक में शैलेन्द्रसिंह विकास अधिकारी पंचायत समिति कुचामनसिटी, कुलदीप तहसीलदार कुचामनसिटी, दिनेशसिंह अति0 मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी कुचामनसिटी आदि उपखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध कनेक्शन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

## कर्मचारी व अधिकारियों की ली बैठक



हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर मुख्यालय पर 220 जीएसएस कार्यालय परिसर में मंगलवार को मुख्य अभियंता अजमेर संभाग के एम एल मीणा द्वारा कर्मचारी एवं अधिकारियों की क्लास ली गई। इस दौरान मीणा ने कहां कि राज्य सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए 50 यूनिट बिजली फ्री दी जा रही हैं। वंचित उपभोक्ताओं को जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा विद्युत कनेक्शन करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मीणा ने कहा कि अगर वंचित उपभोक्ता समय पर कनेक्शन नहीं करवाना चाहता है उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन धारियों को किसी भी सूरत से नहीं बख्शा जाएगा। इसके लिए उनके खिलाफ विजिलेंस विभाग में मामला दर्ज करवाने के निर्देश दिए। आपको बता दें कि मंगलवार को मुख्य अभियंता अजमेर संभाग एम एल मीणा द्वारा खींवसर में कर्मचारी व अधिकारियों की मीटिंग ली। इस मौके पर सहायक अभियंता भंवर चौधरी, कनिष्ठ अभियंता जयदीप सिंह, राजपाल ग्वाला,भूराराम, कैलाश तथा कर्मचारी उपस्थित थे। मीणा द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गैर उपभोक्ताओं को समझा कर ज्यादा से ज्यादा विद्युत कनेक्शन करवाए ताकि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है प्रत्येक माह 50 यूनिट योजना का लाभ मिल सके। इसके पश्चात भी जो उपभोक्ता कनेक्शन नहीं लेवे। उनके खिलाफ विजिलेंस कार्रवाई कर विद्युत चोरी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए।

# डेगाना में पानी निकासी अवरूद्ध, दुकानों में घुसा बरसाती पानी, सड़के हुई जलमग्न

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** मंगलवार दोपहर में डेगाना पर बादल जमकर बरसे। मानसून के मौसम की पहली अच्छी बरसात से लोगो के चेहरे झूम उठे ओर पिछले कई दिनो से पड़ रही भीषण गर्मी ओर उमस से भी लोगो को राहत मिली, लेकिन इस बरसात ने शहर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी ओर नाले नालियों के जाम रहने तथा नाले के निर्माण कार्य में चल रही शिथिलता के कारण मंगलवार को बरसाती पानी कई निचली दुकानों मे घुस गया जिससे लोगो को भारी परेशानी हुई। नालियों के जाम रहने के कारण बरसाती पानी सडकों से होते हुये निकला।

शहर मे हर बार बरसात के समय चारों ओर पानी भर जाता है। लेकिन इसका कोई स्थाई समाधान नही होने के करण लोगो को भारी परेशानी उठानी पडती है। नगरपालिका द्वारा सफाई व्यवस्था पर लाखो रूपये खर्च किये जा रहे लेकिन उसका शहर की जनता को कोई लाभ मिलता ओर बरसात के बाद सडके पानी से लबालब भर जाती है। मंगलवार को अस्पताल चोराहा, सदर बाजार, रेलवे स्टेशन, रामदेव मंदिर, बालिका स्कूल सहित टंकीपुरा की कई नीचली बस्तियों में पानी भर गया। निकासी नहीं होने के कारण सडके तालाब में बदल गई। मंगलवार को शहर में हुई अच्छी बरसात से खेतों में खड़ी बाजरा, मूंग की फसलों को जीवन दान मिल गया। शहर में पिछले कई दिनों से बरसात का इंतजार था।



# पालिका प्रशासन ने वृद्धा को घर जाकर प्रदान किया पट्टा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन शहरों के संग अभियान को प्रभावी बनाने तथा स्थानीय लोगों का पट्टा जारी करने के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा संभव प्रयास किये जा रहे है। मंगलवार को पालिका प्रशासन ने इसी क्रम में 80 वर्षीया शांतिरानी टण्डन को उनके घर जाकर पट्टा प्रदान किया है। शांतिरानी वृद्धावस्था में है तथा उनके ऑपरेशन होने के कारण आने जाने में शारिरीक रूप से अक्षम थी। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी ने निर्देश देकर विकास शाखा प्रभारी नन्दकिशोर चौधरी को वृद्धा के घर भेजकर पट्टा प्रदान करने के लिए कहा। ईओ. डूडी का कहना है कि सरकार की मंशा मुताबिक सभी को पट्टा दिया जाना है इसके लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद ओमप्रकाश मोहिल, सुरेश खींची, वेदप्रकाश गुर्जर व राशिद बल्खी की मौजूदगी में शांतिरानी को पट्टा प्रदान किया गया।

# लॉयन्स क्लब मकराना मार्बलसिटी का पदस्थापना समारोह हुआ आयोजित

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** लॉयन्स क्लब मार्बल सिटी प्रांत 3233 ई 2 का पदस्थापना समारोह सोमवार की देर शाम स्थानीय रामधन रांदड भवन में आयोजित हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ शुरुआत करने के पश्चात विश्व शांति के लिए मौन प्रार्थना की गई। इस मौके पर पदस्थापना अधिकारी वीडीजी प्रथम लॉयन डाक्टर संजीव जैन थे जबकि मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलीप तोषनीवाल थे।

प्रांतपाल दिलीप तोषनीवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए सोच बदलो जीवन बदल जाएगा का मंत्र दिया।

साथ ही विकास कार्यों में वृद्धि करते हुए लायंस कायाकल्प की योजनाओं में आगामी सेवा कार्य को बताते हुए कहा कि सरकारी हॉस्पिटल में वार्डो को गोद लेकर वहां सेवा कार्य करें। इस दौरान लॉयन श्याम सुन्दर सैनी आरसी, लॉयन एमजेएफ रामावतार मानधनियां भी मंच पर मौजूद रहे। क्लब के नए सदस्य डॉक्टर नरेन्द्र मीणा को लॉयन महेन्द्र रांदड ने पिन लगाकर उनका अभिनंदन किया।





**इन्हें दिलाई शपथ :** नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष लॉयन गोपाल विश्नोई, सचिव अशोक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेठी, प्रथम उपाध्यक्ष मुकुल कुलश्रेष्ठ, दित्तीय उपाध्यक्ष भरत कोचर, तृतीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश राठी, संयुक्त सचिव अशोक सोनी, संयुक्त कोषाध्यक्ष नितिन मुकेश टांक, नितिन व्यास, दिनेश शर्मा, रामअवतार मानधनियां, महेंद्र रांदड, डॉ. एमएस गहलोत, सुरेंद्र कोठारी, बनवारी लाल अग्रवाल, दिलीप सुलतानिया, राम प्रसाद सैनी, छीतरमल जाजू, टीसी मलिंडा, सुवालाल जांगिड़, पुरुषोत्तम लाहोटी, संजय धारीवाल, जय नारायण सोलंकी, किशोर सोलंकी, विजय अग्रवाल, अरुण मेहता, सीबी सोलंकी, आरपी परिहार को नई कार्यकारिणी में शपथ दिलाई।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर लायंस क्लब मकराना के सचिव विमल शर्मा, कोषाध्यक्ष कमल मानधनियां, महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष जब्बर सिंह खाबिया, सचिव पुखराज लोढ़ा, भारत विकास परिषद अध्यक्ष महेन्द्र भाटी, कोषाध्यक्ष अरुण सोलंकी, गिरधारीलाल अग्रवाल, मीनाक्षी रांदड, मकराना व्यापार संघ सचिव कमल खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण परलानी, युवा हिंदू गौ रक्षा सेवा समिति संरक्षक मोहनसिंह चौहान सहित शहर की अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की।





# कुदरत तेरे रंग अनेक...

## चौंकिए मत, ये कश्मीर नहीं नागौर जिले का रूण गांव है

### वर्षा ऋतु में रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी कश्मीर, हिमाचल, उटी जैसे नजारे देखने को मिल रहे है

सद्दाम रंगरेज/फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रकृति की माया अपरम्पार है। कुछ दिनों पूर्व तक राजस्थान की धरती लू की चपेट में थी। आसमान आग बरसा रहा था व ताल-तलैया सूखे पड़े थे। भीषण गर्मी के चलते जहां पहाड़ तप रहे थे तो मैदानी ईलाकों में घास जल चुकी थी। वहीं मानसून आते ही मानो प्रकृति में नई जान आ गई हो। बारिश होने से पत्थरों में भी फूल खिलने लगे हैं। लू की जगह फिजाओं में ठंडी हवाएं बह रही है। कुदरत के अनेक रंगों को देखकर लगता है मानो धरती व आसमान अठखेलियां कर रहे हों। खुशनुमा माहौल में सतरंगी आसमान ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे वो यौवन की अंगड़ाई ले रहा है।

मारवाड़ मूण्डवा क्षेत्र में इन दिनों धरती के साथ-साथ आसमान भी दिन में कई बार अपने रंग बदल रहा हो। आसमान में कल शाम को रूण गांव में कुछ ऐसा सतरंगी नजारा देखने को मिला और आसमान का प्रतिबिंब खेत में पड़े पानी में दिखने पर नजारा ऐसा लगा मानो ये जगह नागौर जिले का छोटा गांव रूण ना होकर कश्मीर की डल झील हो। इस अद्भुत नजारे को नागौर डेली न्यूज के नियमित पाठक अब्दुल रशीद गोरी ने अपने कैमरे में कैद किया। इसी प्रकार इन दिनों सुबह-सुबह कोयल की कूहू-कूहू की आवाज कानों में रस घोल रही हैं। वहीं राष्ट्रीय पक्षी मोर के नाचने के नजारे को देखने के लिए राहगीर रुकने पर मजबूर हो रहे हैं। वर्षा ऋतु में रेगिस्तानी क्षेत्र में भी कश्मीर, हिमाचल, उटी जैसे नजारे देखने को मिल रहे हैं। सड़क मार्ग से गुजरने वाले कई राहगीर इस हरियाली के मौसम में सेल्फी लेने से नहीं चूक रहे।

## श्री राज गर्ल्स एनसीसी हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में संचालित श्री राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी की सीनियर विंग में भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। महाविद्यालय में संचालित एनसीसी की एएनओ ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2022-23 के लिए प्रथम वर्ष में नियमित अध्यनरत छात्राएं एनसीसी में भाग लेने हेतु राष्ट्रीय कैडेट कोर की विभागीय वेबसाइड पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी।

इस हेतु छात्रा को मारवाड़ पीजी महाविद्यालय, कुचामनसिटी का नाम पोर्टल पर चयन कर पोर्टल पर मांगी गयी सभी जानकारी सही भरने के उपरांत छात्रा का आवेदन, पात्रता जाँच हेतु अग्रेषित किया जाएगा। एनसीसी चयन प्रक्रिया में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात पात्रता जाँच में सही पाये जाने वाली छात्राओं का अंतिम चयन शरीरिक दक्षता परीक्षण तथा एनसीसी के अन्य मापदंडो के अनुसार किया जाएगा। छात्रा के आवेदन पत्र की विभागीय स्वीकृति तथा अस्वीकृति की जानकारी छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी ईमेल पर प्रेषित की जायेगी। छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन हेतु स्वयं की नवीनतम फोटो, आधार नंबर, बैंक पास बुक, महाविद्यालय प्रवेश शुल्क की रसीद, महाविद्यालय का पहचान पत्र, दसवीं व बाहरवीं कक्षा की अंकतालिका के साथ अन्य प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। एनसीसी में प्रवेश की इच्छुक छात्राओं हेतु महाविद्यालय में हेल्पडेस्क की सुविधा शुरू की गयी है, जहाँ छात्राये इस हेतु विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगी।

## शहर में हो रहे विकास कार्यो में विद्यार्थियों को भी निभानी होगी सहभागिता : सचिन मुद्गल

### नालन्दा स्कूल में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन शहर में नयी पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन में अधिशाषी अभियंता दीपक मांडन के मार्गदर्शन में मंगलवार को शहर के नालन्दा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को जल सरंक्षण एवं सीवरेज प्रणाली के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर सीवरेज प्रणाली की जानकारी देते हुए कैम्प के सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट सचिन मुद्गल ने बताया कि आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम के पानी को सीवरेज लाइन से जोड़ा जाएगा तथा सीवरेज कार्य से होने वाले फायदों के बारे में अवगत करते हुए कहा कि शहर की सबसे बड़ी समस्या गंदे पानी का भरा होना है, जिससे इसमें मच्छर और मक्खियां पनपती है। इनसे बीमारियां फैलती है।

जब ये गन्दा पानी सीवरेज में जाएगा तो आपके आस-पास नालियां सूखी हुई रहेगी और बीमार होने से भी बचा जा सकेगा। इससे बीमारियों पर होने वाले पैसों को भी बचाया जा सकेगा साथ ही बताया कि इससे शहर साफ़ सुथरा एवं स्वच्छ बनेगा। इसमें हम सब का सहयोग अपेक्षित है साथ ही अपील की कि जहाँ भी परियोजना का कार्य प्रगति पर है वहा जाने से बचे पानी के सरक्षण पर बच्चो की भूमिका पर बोलते हुए स्कूल के डायरेक्टर बंशी लाल कांसोटिया ने कहा कि जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। पानी की महत्वता पर बोलते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता वर्मा ने कहा कि पानी को व्यर्थ नहीं बहाये। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के देवेश सर, हिमांशु, शालिनी, प्रियंका, रफीक, चेतन, मीनू, रश्मि, चंद्रप्रकाश एलएंडटी के रोशन कँवर, कोयल कँवर, किशन सिंह ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर बच्चों का मनोबल बढाया तथा पानी की बचत के लिए प्रोत्साहित किया।

## पालिका की अनदेखी, दिन रात जलती है रोड लाइट

सहदेव चौधरी



**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का श्लोगन बिजली बचाओ का नावां पालिका प्रशासन द्वारा मखौल उड़ाया जा रहा है। शहर के एब्रेशिव फेक्ट्री से लेकर पूर्व पार्षद जेठी देवी के मकान तक रोड़ लाइट का आलम यह है कि विगत दो माह से दिन रात अनवरत जल रही है। वार्ड वासियों द्वारा इस आशय को लेकर पालिका कर्मचारियों से बात भी की तो पता चला कि लगभग दो माह पूर्व विद्युत पोल से तार टुटजाने पर लाइट को डायरेक्ट कर दिया गया है।अब सवाल यह उठता है कि डायरेक्ट सप्लाई से विद्युत छीजत का वहन विद्युत विभाग कर रहा है या फिर दिन-रात जलने वाली लाइट शहर वासियों के विद्युत बिलों में अपनी कुण्डली जमाये है।खैर जो भी हो पर राज्य सरकार की विद्युत बचाने वाले बात पालिका प्रशासन से काफी दूर नजर आ रही है। विद्युत कार्य पालिका द्वारा ठेके प्रथा पर दिए जाने के बाद भी इस तरह की लापरवाही में सांठगांठ से भी मना नहीं किया जा सकता है।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान में बीस पट्टे किए वितरित



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन शहरों के अभियान के द्वितीय चरण शिविर का शुभारंभ वार्ड नम्बर एक रेलवे स्टेशन के समीप आयोजित हुआ। शिविर में एसडीएम शिवपाल जाट, नगरपालिका चैयरमेन ओमप्रकाश सेन, अधिशासी अधिकारी नगेन्द्र चौधरी ने शिविर में बीस पट्टे वितरित कर आम जनता को राहत दी। इस दौरान नगरपालिका कर्मचारी मनोज कुमार, अजय, दिनेश वैष्णव, गणपत आंचरा, जगदीश प्रसाद, मूलचंद, आंगनवाड़ी से मूली देवी सहित अन्य जन मौजूद रहे।

## मूण्डवा में सांडो का आतंक जारी

### मौहलेवासियो ने प्रशासन से की सांडों को गौशाला में भेजने की मांग



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के मदीना मस्जिद के पास सुबह 9.30 बजे दो सांड आपस में भिड़ गए। लड़ते-लड़ते सांड एक-दूसरे पर भयंकर हावी हो गये और मौहल्ले में भयंकर उत्पाद मचाने लगे तो पास के दुकानदार व मौहलेवासियों ने उन्हें छुड़वाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सांडो की लड़ाई इतनी भंयकर थी की बीच बचाव करने वाले लोगो को अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर दौड़ना पड़ा। दुकानदार अली मिस्त्री ने बताया कि सुबह 9.30 उनकी दुकान के सामने ही दो सांड अचानक लड़ने लगे।

वैसे तो यह हर रोज होता है, लेकिन मंगलवार सुबह अचानक से सांड लड़ते हुए भयंकर उत्पाद मचाने लगे। दुकान मालिक अली मिस्त्री व मौहलेवासियो ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इन सांडों को गोशाला में भेजा जाए, ताकि हर रोज होने वाले नुकसान व जोखिम से छुटकारा मिल सके। वही लोगों का कहना है कि आए दिन शहर के मुख्य बाजार, मैन बस स्टैंड, मुख्य जगहों व चौराहो पर सांडों की आपस में लड़ाई की वजह से आतंक बना रहता है। विदित रहे कि शहर में 100 के करीब सांड गाय बेसहारा घूम रहे हैं। सांड हर रोज दुर्घटना का कारण बन रहे हैं, वहीं सांड़ो की वजह से 1 व्यक्ति की मौत व सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। वही इन मामलों को शहरवासियों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत करवा दिया गया है प्रशासन सिर्फ नंदी शाला का आश्वासन देते है लेकिन अभी तक मूंडवा में नंदीशाला के नाम पर कोई जमीन तक आवंटित नहीं हुई। शहर वासियों की मांग है इन आवारा सांड के लिए नंदी गोशाला बनाई जाए या फिर नजदीकी गौशालाओं में इनको छोड़ा जाए, ताकि शहरवासियों को इससे राहत मिल सके।

## विद्यालय के खेल मैदान पर अतिक्रमण से छात्र परेशान

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के ग्राम छप्पारा के राजकीय विद्यालय की खेल भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लेने से विद्यार्थियों के सामने खेलकूद सहित दौड़ करने की समस्या होने लगी है। छपारा ग्राम पंचायत सरपंच मूल सिंह राठौड़ ने बताया कि शहीद सावंत सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान के लिए आवंटित भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर अपने मकान का निर्माण कर लिया है। इसके चलते छात्र-छात्राओं को खेलने एवं अन्य तैयारियाां करने के लिए परेशानी हो रही है। इस बारे में मंगलवार को सरपंच राठौड़ के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों एवं छात्रों ने एकजुट होकर लाडनूं उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा व तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर को भी इस मामले से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि स्कूल के 7 बीघा 10 बिस्वा जमीन खेल मैदान के लिए आवंटित है जिस पर अवैध अतिक्रमण करते हुए कच्चे पक्के मकान बना कर कब्जा कर लिया गया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नाहर सिंह सैनी द्वारा इस बारे में भूमि खाली करने के लिए अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया जा चुका है लेकिन संबंधित परिवार इस भूमि को खाली नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते भूमि से अतिक्रमण नहीं हट पाया जिससे ग्राम वासियों में गहरा रोष व्याप्त है।



विद्यार्थियों का कहना है कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगी तैयारियों के लिए उन्हें मैदान की जरूरत पड़ती है लेकिन यहां मकान बन जाने से वह खेल नहीं पा रहे हैं जिससे उनका सर्वांगीण विकास अवरुद्ध हो रहा है। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, हेमंत, दिनेश महिपाल, भूपेंद्र, विजेंद्र, धर्मपाल, गोविंद सिंह ,अभिनव, मनजीत, आशीष एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा, दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

### आकोड़ा के किसानों की जमीन पर दूसरे लोगो द्वारा फसल बीमा करने का मामला



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के आकोड़ा गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी रविन्द्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपकर फसल बीमा योजना में हुए फर्जीवाड़ा के जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को सौपे ज्ञापन में बताया कि आकोड़ा गांव के किसानों की जमीन पर जालसाजी करके अन्य लोगो ने फसल बीमा करवा लिया है। प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसल की सुरक्षा के लिये केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसल बीमा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई रखी गई है। ऐसे में आकोड़ा गांव के किसान जब अपनी भूमि में उगाई गयी फसल का बीमा कटवाने क पहुंचे तो ईमित्र संचालक ने बताया कि उनका बीमा 2 जुलाई को ही किसी अन्य द्वारा कटवा लिया है। किसानों ने बताया कि आकोड़ा सहित कंकागसिया, डोडू गांव में भी काफी शिकायत मिली है। किसानों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि नजदीक होने के चलते समय रहते गहन जांच करवा कर अन्य लोगो द्वारा करवाये गये बीमा निरस्त किया जाए । इस दौरान दुलाराम, मुकनाराम, तेजाराम, दौलाराम, गोपालराम, सोहनराम, मोडूराम, सुरेश सहित कई काश्तकार मौजूद रहे।

## भाजपा की विचारधारा के साथ जुड़ें युवा : किनसरिया

### नैणीयाँ में भाजपा नागौर देहात के बागोट मण्डल की कार्यसमिति का हुआ आयोजित

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम नैणीयाँ में भाजपा नागौर देहात के बागोट मण्डल की कार्यसमिति पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया के दिशा निर्देशन व मण्डल अध्यक्ष मोनू राठौड़ नैणीयाँ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पूर्व विधायक किनसरिया ने संगठन के रचनात्मक कार्यो की समीक्षा करते हुए,पार्टी कार्यकर्ताओं को 2023 में पार्टी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है। देश को 21वीं शताब्दी की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए युवाओं के कंधों की जरूरत है। कुशल नेतृत्व क्षमता रखने वाले युवा राजनीतिक व्यवस्था की कमियों को दूर करेंगे।

वह भाजपा की विचारधारा के साथ जुड़ें। राजनीति के माध्यम से लोक सेवा करें। अपने दृष्टिकोण से समाज में कुरीतियां दूर करने के लिए राजनीतिक व्यवस्था को अपनाएं।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व बागोट मण्डल प्रभारी राजाराम प्रजापत, जिला महामंत्री रामनिवास दिवाकर, पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन,



मूलचंद शर्मा, भंवरसिंह ढूंढिया, नाहर सिंह नैणीयाँ, घासीराम नरमा, अजीतसिंह नरमा, जीवन सिंह चिताई, संदीप वैष्णव, करण सिंह हरनावा, नरपत सिंह कुराड़ा, श्रवणसिंह आंतरोली, सुरजन सिंह भकरी, युवा मोर्चा मंत्री मुकेश जीनगर, श्रीकांत सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com